महिलाऐ अपने अधिकार के लिए आगे आए

आशीष गोयल/गुड़गांव मेल

पुन्हाना, 8 मार्च। गुरूवार को महिला दिवस के मौके पर उपमंड़ल के नहारपुर व फरदडी गांव में सहगल फाऊडेशन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के पदाधिकारियो ने महिलाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक किया।

इतना ही नही संस्था के ओर गांव की शिक्षित महिलाओ द्वारा रैली निकालकर महिलाओ के अधिकारो की जानकारी दी। महिलाओ को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुये संस्था के अधिकारी फारूख ने बताया कि 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

संस्था द्वारा मेवात मे दर्जनो कार्यक्रम करके हजारो महिलाओ को उनके अधिकारो के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस का महत्व महिलाओ के साथ साथ पुरूषो को भी समझना चाहिए । वो महिलाओ के अधिकारो को दिलाने मे सहयोग करे क्योंकि महिलाऐ आज भी अपने अधिकारों से वंचित है । महिलाओ को घर से बाहर जाने का मौका नही मिलता , जिसकी वजह से उनमे जागरूकता की कमी है। उन्होंने कहा कि सहगल फाउंडेशन पिछले 16 सालो से ग्रामिणो को उनके अधिकारो के लिए जागरूक करने का प्रयास कर रही है ।जिससे हजारो ग्रामिणो को फायदा भी हुआ है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी देविका गोस्वामी ने भी महिलाओ को शिक्षा के प्रति जागरूक किया ओर महिलाओ को आगे बढ़ाने के लिए जागरूक किया। संस्था की पदाधिकारी संगीता गौतम ने महिलाओ को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने के उद्देश से गांव मे रैली निकालकर ग्रामीण महिलाओ को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जब तक ग्रामीण महिलाये अपने अधिकारो के प्रति जागरूक नही होगी तक एक उनका विकास नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि अधिकारो के प्रति जागरूक होने के लिये बेटियो को शिक्षित करे। इस मौके पर मखमूली, अनीशा, रशीदन, भारती, सावित्री,,सरला,सोना, कमला, मेमूना, अख्तरी गुलसाना आदि महिलाये मौजूद रही।